

# सप्तदश बिहार विधान सभा

## षष्ठम सत्र

## दैनिक विवरणिका

संख्या–07 शुक्रवार, दिनांक–26 अगस्त, 2022 ई०।

**माननीय उपाध्यक्ष श्री महेश्वर हजारी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई।**

समय : 11:00 बजे पूर्वाह्न से 12:04 बजे अपराह्न तक।

माननीय उपाध्यक्ष महोदय द्वारा माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को सदन के नेता के रूप में तथा माननीय सदस्य श्री विजय कुमार सिन्हा को विरोधी दल के नेता के रूप में मान्यता प्रदान की गयी।

[1] अध्यक्ष का निर्वाचन

अध्यक्ष के निर्वाचन के पूर्व माननीय उपाध्यक्ष महोदय की अनुमति से सभा सचिव ने महामहिम राज्यपाल से प्राप्त आदेश को निम्न प्रकार पढ़ा:–

"भारत का संविधान के अनुच्छेद 178 तथा बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम–9 (1) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मैं, फागू चौहान, बिहार का राज्यपाल, इसके द्वारा बिहार विधान सभा के अध्यक्ष का निर्वाचन हेतु 26 अगस्त, 2022 की तिथि निर्धारित करता हूँ।

पटना,
दिनांक 24.08.2022

ह०/– फागू चौहान
राज्यपाल, बिहार।"

पुनः उपाध्यक्ष की अनुमति से सभा सचिव ने बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम–9 एवं नियम–56 जो क्रमशः अध्यक्ष के निर्वाचन एवं मत विभाजन से संबंधित है को पढ़कर सुनाया।

तदुपरान्त उपाध्यक्ष ने सदन को सूचित किया कि बिहार विधान सभा के अध्यक्ष पद के लिए कुल 05 (पाँच) प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। सभी प्रस्ताव श्री अवध बिहारी चौधरी के पक्ष में हैं। इन सभी प्रस्तावों में सर्वप्रथम प्राप्त प्रस्ताव को सदन में प्रस्तुत करने हेतु श्री जीतन राम मांझी, स.वि.स. को अनुमति दी गयी।

तत्पश्चत श्री जीतन राम मांझी, स.वि.स. द्वारा प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया, जिसका अनुमोदन श्री अजीत शर्मा, स.वि.स. द्वारा किया गया। प्रस्ताव सर्वसम्मति से सदन द्वारा स्वीकृत हुआ तथा उपाध्यक्ष महोदय ने श्री अवध बिहारी चौधरी, स.वि.स. के सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुने जाने की घोषणा की।

तदुपरान्त उपाध्यक्ष महोदय की अनुमति से माननीय मुख्यमंत्री एवं माननीय नेता विरोधी दल ने ससम्मान श्री अवध विहारी चौधरी को अध्यक्ष के आसन तक ले गये तथा आसन पर बैठाया। आसन ग्रहण करने के पश्चात माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

**[2] <u>अध्यक्ष के निर्वाचन पर भाषण</u>**

माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार एवं निम्नांकित सभासदों ने अध्यक्ष को बधाई दी तथा उनके प्रति शुभकामना प्रकट की:–

1. श्री विजय कुमार सिन्हा, नेता विरोधी दल
2. श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, उप मुख्यमंत्री
3. श्री विजय कुमार चौधरी, मंत्री, संसदीय कार्य विभाग
4. श्री महेश्वर हजारी, उपाध्यक्ष
5. श्री अजीत शर्मा, स.वि.स.
6. श्री महबूब आलम, स.वि.स.
7. श्री अजय कुमार, स.वि.स.
8. श्री राम रतन सिंह, स.वि.स.
9. श्री जीतन राम मांझी, स.वि.स.
10. श्री अखतरुल ईमान, स.वि.स.

**[3] <u>अध्यक्ष का संबोधन</u>**

यथा संलग्न।

तत्पश्चात राष्ट्रगीत के साथ सभा की कार्यवाही अनिश्चित काल तक के लिए स्थगित हुई।

पटना
दिनांक–26.08.2022

**पवन कुमार पाण्डेय**
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना।